विधायकों का बेटे व भाभी सरपंच चुनाव में हारे

उदयपुर। उदयपुर जिले की 4 पंचायत समितियां नयागांव, खेरवाड़ा, ऋषभदेव और कल्याणपुर में गुरुवार रात को सरपंच चुनावों के देर रात तक घोषित परिणाम में कांग्रेस के एक विधायक की भाभी जो प्रधान रह चुकी वह चुनाव हार गई। यहीं नहीं भारतीय जनता पार्टी की एक मंडल अध्यक्ष को भी करारी हार का सामना करना पड़ा। उदयपुर के खेरवाड़ा के कांग्रेस विधायक दयाराम परमार के भाई की पत्नी नयागांव पंचायत समिति की पूर्व प्रधान कमला परमार सरपंच का चुनाव हार गई। वे नयागांव पंचायत समिति के ग्राम पंचायत महुवाल में चुनाव मैदान में थी और उनको जमना देवी ने हरा दिया।पंचायतीराज चुनाव में कमला के पति विधायक के भाई पन्नालाल नयागांव पंचायत समिति वार्ड 6 से कांग्रेस के बैनर तले चुनाव लड़ा है और प्रधान की दावेदारी में है।

पंचायतसमिति का रिजल्ट 20 नवंबर को आएगा। इधर नयागांव पंचायत समिति में ही सरेरा पंचायत में चार बार लगातार सरपंच रही दुर्गा देवी भगोरा चुनाव हार गई। दुर्गा भारतीय जनता पार्टी नयागांव मंडल की अध्यक्ष भी है। यहां पर कांतिलाल भगोरा जीते।इधर सलूबर की भाजपा विधायक शांता मीणा का बेटा भी सेमारी पंचायत समिति के सेमारी ग्राम पंचायत में चुनाव हार गया। यहां पर पंकज विजेता रहे है और भाजपा विधायक शांता का बेटा कपिल मीणा चुनाव में हारे और वे पहले तीन में भी नहीं रहे।

धौलपुर मावा मंडी में खाद्य सुरक्षा दल की दबिश, 100 किलो दूषित मावा नष्ट किया

पांच प्रतिष्ठानों से नमूने भी लिए, जांच के लिए भेजेंगे

धौलपुर। त्योहारी सीजन में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने तथा मिलावटखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिलेभर में सघन निरीक्षण एवं नमूनीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने धौलपुर शहर में कार्रवाई करते हुए करीब 100 किलोठाम प्रथम दृष्टया दूषित प्रतीत हो रहा मावा नष्ट करवाया तथा विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा दल ने बजरिया स्थित अठासेन मावा भंडार पर कार्रवाई करते हुए मावे के दो नमूने लिए। मौके पर दो डालियों में रखा करीब 100 किलोठाम मावा प्रथम दृष्टया खराब प्रतीत होने पर मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी से जांच करवाई गई। जांच में मावा दूषित पाए जाने पर इसे डंपिंग यार्ड में ले जाकर गड्ढा खुदवाकर नष्ट करवाया गया। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त मावा मंडी स्थित मुकेश मावा भंडार, राहुल मावा भंडार एवं सुरेंद्र मावा भंडार से एक-एक नमूना मावे का लिया गया। वहीं घी घर से घी का एक नमूना लेकर जांच के लिए भिजवाया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. मीणा ने कहा कि त्योहारों के दौरान मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ने के साथ मिलावट की आशंका भी बढ़ जाती है। आमजन के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभाग की ओर से निरंतर निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई जारी रहेगी।उन्होंने बताया कि लिए गए नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट में मिलावट अथवा निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की।



धौलपुर में 100 किलो दूषित मावा जमीन में गाडकर नष्ट किया।

- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने धौलपुर शहर में कार्रवाई

पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ को मातृ शोक

अजमेर। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ की माताजी सायर कंवर देवी का शुक्रवार सुबह देवलोकगमन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके पैतृक गांव नांद स्थित श्मशान स्थल पर शाम को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

बड़े पुत्र धर्मेंद्र राठौड़ ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार व शवयात्रा में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल, पूर्व विधायक डॉ. श्रीगोपाल बाहेती, पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया, भाजपा नेता भंवर सिंह पलाड़ा, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश टंडन, दक्षिण विधानसभा से प्रत्याशी रही द्रौपदी कोली, सेवानिवृत्त एडीएम सिटी गजेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक सिंह रावत, वरिष्ठ अधिवक्ता हरि सिंह गुर्जर सहित सैकड़ों नेता, जनप्रतिनिधि, परिजन और ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कांग्रेस नेताओं ने किया शोक प्रकट- पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ की माता जी के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीका राम जूली, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी, डॉक्टर रघु शर्मा आदि ने शोक प्रकट किया और ईश्वर से दिवगंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और सांत्वना दी।

सार-समाचार

आश्रय स्थल पर बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं का अवलोकन

भीलवाड़ा। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (जयपुर) के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा की सचिव एवं अपर जिला व सेशन न्यायाधीश रश्मि आर्य ने एवरेस्ट आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आश्रय स्थल में साफ-सफाई, भोजन-पोषण, चिकित्सा सुविधाओं और बच्चों के रख-रखाव संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान संस्था सचिव कल्पना जौहरी से बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली गई। दीपावली पर्व पर सड़क, असुरक्षित स्थानों, बाल श्रम, कचरा बीनने या भिक्षावृत्ति से जुड़े जरूरतमंद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से सचिव रश्मि आर्य की पहल पर संगिनी ग्रुप द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुष्पा मेहता (सिंगापुर) के सौजन्य से बच्चों को दीपावली उपहार के रूप में मिठाई, पटाखे और स्टेशनरी किट बांटी गई। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। सचिव रश्मि आर्य ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता मंजू पोखरना, पुष्पा गोखरू, मनीषा खजांची, पुष्पा मेहता, ममता शर्मा और सुधा बुलिया सहित संगिनी ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

धनतेरस पर वाहनों की हुई खूब बिक्री

निवाई। शुक्रवार को धनतेरस पर शहर के बाजारों में धन की वर्षा हुई। लोगों ने शुभ मुहुर्त में सोने चांदी के सिक्के, आभूषण व बर्तनों की भी खरीदारी की। सुबह से ही बाजार में खरीदारी करने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। शहर में लगी हुई रेडीमेड गारमेन्ट, सर्राफा व बर्तन भण्डार सहित अन्य सभी दुकानों पर ग्राहकों की भीड रही। झिलाय रोड स्थित श्री चिंताहरण गणेश मंदिर में नए वाहनों की पूजा के लिए वाहनों की भारी भीड़ रही। भीड़ के चलते लोगों को नए वाहन की पूजा के लिए काफी देर तक इंतजार करना पडा। धनतेरस के मुहुर्त को लेकर लोगों ने एक माह पूर्व ही वाहनों की बुकिंग करवा दी थी। शुक्रवार की सुबह से ही शोरूमों से वाहनों का निकलना शुरू हो गया था। शहर में हीरो, होण्डा, टीवीएस व बजाज के शोरूम पर दिनभर ग्राहकों की भीड रही। इसके अलावा मिट्टी के दीपकों, रूई की दुकानों व किरानों की दुकानों पर विशेष ग्राहकी हुई। इधर अपने गांवों व गन्तव्य को जाने के लिए बस स्टेण्ड पर यात्रियों की भीड़ रही।

विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने दीपावली पर श्रमदान किया

टोंक। दीपावली के पावन अवसर पर पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन के नेतृत्व में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, भारत विकास परिषद, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जागरूक नागरिकों ने विवेकानंद सर्किल पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। दो घंटे के सामूहिक श्रमदान से सर्किल की सूरत बदल दी गई। इस दौरान स्मारक पर चिपके पोस्टर-पंपलेट हटाए गए तथा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा की सफाई कर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर लक्ष्मी जैन ने कहा कि इस सर्किल की बदहाल स्थिति और स्मारक पर चिपके प्रचार पोस्टरों को देखकर उन्हें काफी पीड़ा होती थी। दीपावली पर जब हम अपने घरों और प्रतिष्ठानों की सफाई करते हैं, तो शहर के महापुरुषों के स्मारकों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ और सुंदर रखना भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी भावना से सभी ने मिलकर श्रमदान किया। उन्होंने स्मारक की सुंदरता और आकर्षण को स्थायी रूप से बनाए रखने के लिए अपने निजी कोष से यहां स्थायी डेकोरेटिव लाइट लगवाने की घोषणा भी की। वही भारत विकास परिषद के प्रदेश पदाधिकारी अशोक कासलीवाल तथा परिषद अध्यक्ष डा रमेश काला ने कहा कि भविष्य में स्मारक पर पोस्टर चिपकाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत विकास परिषद के आग्रह पर लक्ष्मी जैन ने अपने सभापति कार्यकाल में इस स्मारक का निर्माण करवाया था।

तीन स्थानों पर होगा ग्रीन पटाखों का विक्रय

भरतपुर। दीपावली के त्योहार को देखते हुए नगर निगम की ओर से शहर में आतिशबाजी की अस्थाई दुकानों के आवंटन के लिए लॉटरी निकाली गई। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर निगम सचिव विजय प्रताप सिंह और आरओ तेजराम मीणा के निर्देशन में तीन स्थानों पर कुल 131 दुकानों का आवंटन किया गया। लॉटरी की प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ सभी आवेदकों के समक्ष एक छोटी बच्ची के हाथों संपन्न कराई गई। आरओ तेजराम मीणा ने बताया कि एमएसजे कॉलेज ग्राउंड में 50, नुमाइश ग्राउंड में 41 और आरबीएम अस्पताल के सामने सेक्टर-10 में 40 दुकानों के लिए लॉटरी निकाली गई है। इस प्रकार कुल 131 दुकानों का आवंटन किया गया है। वहीं, 4 से 5 आवेदन अभी जांच प्रक्रिया में हैं, जिन पर नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा। नगर निगम सचिव विजय प्रताप सिंह ने बताया कि अब तक करीब 90 से 95 आवेदन प्राप्त हुए हैं और कुल 120 से 150 आवेदन आने की संभावना है। दुकानों पर सफाई और अग्निशमन सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएंगे। प्रत्येक स्थान पर एक फायर वाहन तैनात रहेगा। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए दुकानदारों को एनओसी में भी ग्रीन पटाखों की बिक्री की शर्त का पालन करना होगा। नगर निगम की टीमें समय-समय पर दुकानों की जांच करेंगी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दुकान बंद कराने की कार्रवाई की जाएगी।

भंडारे का आयोजन 22 नवंबर को

पावटा। कस्बे के बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर की पावन धरा पर 14 नवंबर से 22 नवंबर तक श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं आयोजक समिति की ओर से तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कार्यक्रम के तहत 14 नवंबर को सुबह 9 बजे मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश धारण कर शामिल होंगी। यात्रा कस्बा स्थित केशव सागर धर्मशाला प्रांगण से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर पहुंचेगी। कलश यात्रा को लेकर महिला कार्यकर्ताओं द्वारा पंजीयन एवं अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रीमद्भागवत कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। कथा का आयोजन केशव एवं आशीष गर्ग एवं बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर कमेटी पावटा के संयोजन में किया जा रहा है। आयोजन बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम पावटा में होगा। कथा का समापन 22 नवंबर को होगा, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह संपूर्ण धार्मिक आयोजन बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर की प्रेरणा एवं महंत जयराम दास त्यागी जी के सानिध्य में संपन्न होगा। आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा पंडाल, श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्र के धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कथा श्रवण एवं धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

सफाई व्यवस्था को लेकर वार्ड पंचों ने उठाई आवाज

फुलेरा। समीपवर्ती ग्राम पंचायत काचरोदा में सफाई व्यवस्था को लेकर वार्ड पंचों की नाराजगी सामने आई है। वार्ड संख्या 8 और 9 में सफाई कार्य अधूरा रहने तथा कई दिनों तक जेसीबी और कचरा गाड़ी नहीं पहुंचने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्राम पंचायत सरपंच रजनी कुमावत ने संबंधित ठेकेदार फर्म के खिलाफ कार्रवाई के लिए विकास अधिकारी को पत्र लिखा है। वार्ड संख्या 9 के वार्ड पंच हेमराज कुमावत एवं वार्ड संख्या 8 की वार्ड पंच सुशीला कुमावत ने बताया कि ग्राम पंचायत के अन्य वार्डों में सफाई अभियान चलाया गया, लेकिन उनके वार्डों में सफाई कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। मुख्य रास्तों और मोहल्लों में गंदगी फैलने से ग्रामीणों को आवागमन सहित विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में सरपंच रजनी कुमावत ने 6 नवंबर 2026 को पंचायत समिति सांभर लेक के विकास अधिकारी को पत्र लिखकर ठेकेदार फर्म श्री बालाजी कंस्ट्रक्शन, जोबनेर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

फीस जमा करने को लेकर दिनभर रही चहल-पहल

निवाई। कृषि महाविद्यालय में नए शैक्षिणक सत्र के तहत ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत मूल शैक्षिणक दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन एवं निर्धारित शुल्क जमा करवाने के लिए छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों की भीड़ उमड़ पड़ी।

प्रवेश प्रक्रिया के अंतिम चरण में शामिल होने के लिए गुरुवार तडक्रे से ही राजस्थान के पाली, सिरोही, सीकर, झुंझुनूं, बूंदी, झालावाड़, राजधानी जयपुर, भीलवाड़ा व जालोर सहित प्रदेश के विभिन्न अंचलों से चयनित नवप्रवेशी विद्यार्थी अपने माता-पिता व परिजनों के साथ महाविद्यालय परिसर में पहुंचने लगे थे। दूर-दराज के जिलों से बड़ी संख्या में लोगों के आगमन से महाविद्यालय प्रांगण में काफी चहल पहल हो गई।

काउंसलिंग व दस्तावेज जांच की प्रक्रिया के दौरान परिसर में जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच सफलता पूर्वक पूर्ण हो गई और उन्हें मनपसंद पाठ्यक्रम में दाखिला मिल गया, उनके चेहरों पर खुशी झलक रही थी। वहीं दूसरी ओर तकनीकी खामियों, पात्रता शर्तों के अभाव या अन्य विसंगतियों के चलते जिन अभ्यर्थियों के आवेदन निरस्त कर दिए गए, उन्हें व उनके साथ आए परिजनों को मायूसी का सामना करना पड़ा। भीड़ व दस्तावेज प्रमाणीकरण की जटिलता को देखते हुए महाविद्यालय प्रशासन ने व्यापक व सुव्यवस्थित प्रबंध किए थे। महाविद्यालय के डीन प्रोफेसर आरएस मीणा के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में समस्त शैक्षिणक व गैर-शैक्षिणक स्टाफ एवं वरिष्ठ छात्र-छात्राओं ने नवागंतुक विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा के लिए अत्यंत संवेदनशीलता व आत्मीयता से मोर्चा संभाला।

मतगणना के दौरान पथराव

उदयपुर। उदयपुर की खेरवाड़ा पंचायत समिति की नवाघरा ग्राम पंचायत में सरपंच पद की मतगणना के दौरान हंगामा हो गया। घटना गुरुवार देर रात करीब 11.30 बजे मतगणना स्थल सरकारी सीनियर सैकंडरी स्कूल नवाघरा की है।

जानकारी के अनुसार जीत की घोषणा के बाद सरपंच पुष्पा देवी को मतगणना स्थल से उनके घर पहुंचाने के दौरान कुछ लोग भड़क गए। उन्होंने मतगणना स्थल पर पथराव शुरू कर दिया। इसके पास वाले बूथ पर आगजनी की घटना को अंजाम दिया।आक्रोशित भीड़ ने बूथ परिसर में खड़े फोर व्हीलर और टू व्हीलर पर जमकर तोड़फोड़ की। कुर्सियां,टेबल सहित अन्य सामान तोड़ दिए और उनमें आग लगा दी।करीब आधे घंटे तक चले हंगामे के दौरान पुलिस के जवान भी बचते हुए नजर आए। पुलिस प्रशासन के लिए कानून व्यवस्था संभाल पाना मुश्किल हो गया।

पुष्कर ब्रह्मा मंदिर में धनतेरस पर खुले कुबेर भगवान मंदिर के कपाट

पुष्कर (निसं)। तीर्थराज पुष्कर के जगतपिता ब्रह्मा मंदिर परिसर में धनतेरस के पावन अवसर पर धनपति कुबेर भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की गई।

ब्रह्मा मंदिर परिसर में द्वारपाल के रूप में स्थापित भगवान कुबेर के मंदिर के कपाट साल में केवल एक बार धनतेरस के दिन ही खोले जाते हैं। शेष वर्ष मंदिर के कपाट बंद रहते हैं। इस विशेष अवसर पर भगवान कुबेर के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

धनतेरस की तिथि प्रारंभ होने के साथ ही ब्रह्मा मंदिर परिसर स्थित कुबेर भगवान के मंदिर के कपाट खोले गए। इसके बाद मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। जगतपिता ब्रह्मा के द्वारपाल और देवताओं के धन प्रबंधक माने जाने वाले धनपति कुबेर की पूजा कर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई।

इस अवसर पर ब्रह्मा मंदिर के पुजारी कृष्ण गोपाल वशिष्ठ, वैभव वशिष्ठ, तीर्थ पुरोहित रवि पाराशर एवं समाजसेवी गोपाल अठावाल ने विशेष पूजा-अर्चना में भाग लिया। धार्मिक मान्यता के अनुसार ब्रह्मा मंदिर परिसर में विराजमान भगवान कुबेर के दर्शन और पूजा करने से धन-धान्य, कीर्ति और समृद्धि की प्राप्ति होती है तथा जीवन में धन की कमी नहीं रहती। श्रद्धालुओं का मानना है कि सच्चे मन से भगवान कुबेर की आराधना करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

मान्यता है कि विश्व में भगवान कुबेर का यह विशिष्ट मंदिर जगतपिता ब्रह्मा के मंदिर परिसर में द्वारपाल के रूप में स्थापित है। यहां भगवान कुबेर के साथ भगवान इंद्र का मंदिर भी स्थित है। धनतेरस पर साल में एक बार होने वाली इस विशेष पूजा के चलते मंदिर परिसर में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का माहौल रहा।

- विशेष पूजा-अर्चना कर की विश्व कल्याण की कामना
- साल में केवल एक बार धनतेरस पर होते हैं दर्शन

सार-समाचार

जैन मंदिरों में चढेंगा निर्वाण लाडू

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2553 वां निर्वाण व मोक्ष कल्याणक महोत्सव 9 नवम्बर को कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा व विमल जौला ने बताया कि आचार्य सुन्दर सागर महाराज संघ के सानिध्य में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 नवम्बर को सुबह 6 बजे श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में गाजे बाजे के साथ विधिवत मंत्रोच्चार द्वारा भगवान महावीर का निर्वाण लाडू चढाय़ा जाएगा। इस दौरान बड़ा जैन मंदिर से बेंड बाजे के साथ शोभायात्रा रवाना होकर बिचला जैन मंदिर, नसियां जैन मंदिर, बंपुई वालों के चेत्यालय, सूरजमल बाबाजी के चेत्यालय एवं शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर भगवान महावीर मार्ग सहित शहर के सभी जिनालयों में 9 नवम्बर को भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण लाडू चढाय़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि भगवान महावीर स्वामी ने सम्पूर्ण विश्व को अहिंसा, करुणा और जीओ और जीने दो का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि जैन समाज द्वारा शुक्रवार को आचार्य सुन्दर सागर महाराज संघ की दर्शन यात्रा निकाली गई, जिसमें सेंकड़ों श्रद्धालुओं एवं युवाओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। दर्शन यात्रा श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से रवाना होकर अहिंसा सर्किल स्थित चन्द्र प्रभु मंदिर, बड़ा जैन मंदिर, बिचला जैन मंदिर व नसियां जैन मंदिर होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची। जिसमें सुन्दर युवा मंच के अध्यक्ष महेश मोठूका, संजय सिरस, रोनक बोहरा, अनन्त सांवलिया, चिराग टोंग्या, शंभु कठमाणा, सुनील बनेठा व मनीष जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

आयुर्वेद को राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धित घोषित करने की मांग

पावटा। आयुर्वेद को भारत की मूल राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धित घोषित करने की मांग को लेकर विश्व आयुर्वेद परिषद् राजस्थान प्रदेश की ओर से जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया। परिषद् के जिला अध्यक्ष डॉ. उपेन्द्र भारद्वाज एवं डॉ. मोनिका ने जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती अपर्णा गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर आयुर्वेद को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान एवं सम्मान प्रदान करने की मांग उठाई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आयुर्वेद भार त की प्राचीन चिकित्सा परंपरा का अभिन्न अंग है। इसका वैज्ञानिक आधार, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धित और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान इसे महत्वपूर्ण बनाता है। परिषद् ने कहा कि आयुर्वेद के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ इसे आधुनिक अनुसंधान, तकनीकी सुविधाओं और चिकित्सा शिक्षा से जोड़कर और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है। परिषद् पदाधिकारियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पतालों पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने तथा चिकित्सा सेवाओं में आयुर्वेद की भागीदारी बढ़ाने की मांग की।

ऑनलाइन आवेदन 30 तक

कोटपूतली। वर्ष 2026-27 के लिए अंबेडकर डीबीटी वाउचर योजना के अंतर्गत आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है। योजना के तहत पात्र एवं इच्छुक विद्यार्थी ई-मित्र केंद्र अथवा अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक का राजस्थान का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ किराए के मकान में निवास करने से संबंधित किरायानामा की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक है। योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को आवास एवं अन्य आवश्यक व्यय के लिए प्रतिमाह 2,000 रुपये की आर्थिक सहायता अधिकतम 10 माह तक प्रदान की जाएगी।

महुवाडा में चचेरे भाई को वोट नहीं दिया तो कर दी मां की हत्या

उदयपुर। उदयपुर जिले में चचेरे भाई को वोट न देने पर बेटे ने मां की हत्या कर दी। बीच.बचाव करने आए पिता और बड़े भाई पर भी हमला कर दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गया।

बड़ा भाई निजी वाहन से घायल माता.पिता को डूंगरपुर जिला अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टरों ने मां को मृत घोषित कर दिया। घायल पिता का उपचार जारी है। घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र के महुवाड़ा गांव की शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे की है।थानाधिकारी सोहनलाल बामनिया के अनुसार सरपंच चुनाव की मतगणना खत्म होने के बाद महुवाड़ा गांव निवासी आरोपी राहुल परमार अपने चचेरे भाई को वोट नहीं देने की बात पर पिता लालचंद से झगड़ा करने लगा और रॉड से उन पर हमला कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची उसकी मां पुष्पा के सिर पर रॉड लग गया और वह जमीन पर गिर गईं। हॉस्पिटल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई।पुलिस ने आरोपी को डिटेन कर लिया है। मारपीट के दौरान आरोपी के भी सिर में चोट लगी है। इलाज कराया जा रहा है।

आरोपी राहुल के बड़े भाई गणेश परमार ने बताया. शुक्रवार तड़के मेरा भाई शराब पीकर आया और मेरे पिता से ये बोलकर झगड़ा करने लगा कि मेरे भाई को वोट क्यों नहीं दिया। फिर लोहे की रॉड उठाकर मारने लगा। मेरी मां के सिर रॉड लगने उनकी मौत हो गई। मेरे पिता के भी चोट लगी है। जीतने वाले मेरे अंकल है और हारने वाला भी हमारा भाई लगता है।


पुलिस ने बताया. महुवाड़ा गांव निवासी लालचंद के भाई की पत्नी और दूसरे भाई का लड़का सरपंच का चुनाव लड़े थे। गुरुवार देर रात रिजल्ट आया तो लालचंद के भाई की पत्नी चुनाव जीत गईं और भतीजा हार गया।

दीपावली पर नर-नारायण सेवा

निवाई। दीपावली के उपलक्ष्य में आशाराम गौशाला की श्री योग वेदांत सेवा समिति एवं समस्त साधक परिवार द्वारा आयोजित दो दिवसीय दीपावली भंडारा एवं सामग्री वितरण सेवा कार्य का उत्साहपूर्वक शुभारंभ किया गया। जिसमें जरूरतमंद परिवारों एवं बच्चों के बीच उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सभी लाभार्थियों को कम्बल, भोजन प्रसादी, नए वस्त्र, दैनिक जीवन में काम आने वाली आवश्यक घरेलू वस्तुएं व बच्चों के अध्ययन हेतु नोटबुक, पेन व पेंसिल शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि नर-नारायण सेवा ही सच्ची ईश्वर पूजा है।

फुलिया खुर्द में नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच और वार्ड पंचों ने शपथ ली

भीलवाड़ा। सोशल मीडिया के मिलियंस में फॉलोअर्स और इंटरनेट की दुनिया की चमक-दमक जब धरातल पर उतरती है, तो कई बार हकीकत बेहद चौंकाने वाली होती है। ऐसा ही एक बडा नजारा भीलवाडा जिले के शाहपुरा उपखंड के अंतर्गत आने वाली फूलिया खुर्द (फूलिया कलां) ग्राम पंचायत के सरपंच चुनाव में देखने को मिला। देश के जाने-माने फिटनेस इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर पवन साहू की प्रतिष्ठा इस चुनाव में दांव पर थी, लेकिन ग्रामीण मतदाताओं ने उनके डिजिटल रुतबे को नकारते हुए स्थानीय चेहरे पर मुहर लगा दी। यूट्यूब पर 2.77 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर और इंस्टाग्राम पर करीब 70 लाख फॉलोअर्स रखने वाले पवन साहू ने अपनी पत्नी कोमल साहू को सरपंच पद के चुनावी मैदान में उतारा था। चुनाव को मिशन 2026 और मेरा गांव, मेरी पहचान का नाम देकर खुद पवन साहू ने गांव की गलियों में उतरकर धुआंधार प्रचार किया था। उनके प्रचार के वीडियो और रील्स सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए, जिससे यह सीट पूरे प्रदेश में हॉट सीट बन गई थी। इसी सीट पर आज स्थानीय प्रशासन की मौजूदगी में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच और सभी वार्ड पंचों ने अपने पद और गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में नवनिर्वाचित सरपंच भगवती लाल सोनी और उपसरपंच प्रेम देवी गुर्जर के साथ-साथ वार्ड पंचों-राकेश शर्मा, प्रहलाद बैरवा, राजू जाट, गीता वैष्णव, श्रवण भील एवं पूजा बलाई को पद की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के बाद उपस्थित ग्रामीणों ने सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और ग्रामीण मौजूद रहे। प्रमुख रूप से पूर्व सरपंच हनुमान शर्मा, समाजसेवी दुर्गा लाल सोनी, पप्पू जाट, लक्ष्मण वैष्णव, कैलाश मेघवंशी, भागचंद शर्मा, हनुमान बैरवा, परमेश कुम्हार, कालू शर्मा, प्रकाश जाट, महावीर सेन एवं लखन सोनी सहित बडी संख्या में ठाामीणजन उपस्थित रहे।



फूलिया खुर्द (फूलिया कलां) ग्राम पंचायत में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने शपथ ली।

- समारोह में नवनिर्वाचित सरपंच भगवती लाल सोनी और उपसरपंच प्रेम देवी गुर्जर के साथ-साथ वार्ड पंचों की मौजूदगी रही।